**कृपया ध्यान से पढ़े**
इस सूचना को अनदेखा ना करें

**अपना प्री-पेड मीटर बैलेंस**
**हमेशा पॉजिटिव रखें**

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड




# उपभोक्ता हित में अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना

# स्मार्ट मीटर प्री-पेड उपभोक्ता ध्यान दें!

## प्री-पेड बैलेंस निगेटिव होने पर कनेक्शन कभी भी अपने आप कट सकता है।

- आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्री-पेड बैलेंस की सूचना लगातार SMS द्वारा भेजी जाती है।
- ध्यान रखें कि प्री-पेड स्मार्ट मीटर का बिल केवल आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही SMS द्वारा भेजा जाता है। बिजली बिल की कोई प्रति (पेपर बिल) अब नहीं भेजी जाती है।
- सभी प्री-पेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को फरवरी माह तक के बिल SMS के माध्यम से लिंक द्वारा उपलब्ध करा दिए गए हैं।
- प्री-पेड रिचार्ज विभागीय काउन्टर,मोबाइल ऐप (UPPCL Smart App), www.uppcl.org, Paytm, GPay, जनसुविधा केंद्रों, विद्युत सखी आदि माध्यमों से किया जा सकता है।
- धोखाधड़ी (साइबर फ्रॉड) से बचने के लिए अपना रिचार्ज अथवा भुगतान केवल UPPCL की वेबसाइट, विभागीय काउन्टर अथवा अधिकृत फिनटेक एजेंसी (CSC) के माध्यम से ही करें।
- अपने प्री-पेड बैलेंस एवं पोस्टपेड अवधि के बकाए की जानकारी UPPCL की आधिकारिक वेबसाइट www.uppcl.org पर देखें, इसके लिए लॉगिन व पासवर्ड की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा प्री-पेड बैलेन्स मोबाइल ऐप के साथ-साथ स्मार्ट मीटर पर भी देखा जा सकता है।
- कनेक्शन काटने के बाद आपके रिचार्ज करने पर कनेक्शन स्वतः चालू होने में 2 घंटे तक का समय लग सकता है। विद्युत प्रदाय संहिता में भी यही व्यवस्था है।
- रिचार्ज करने के 2 घंटे बाद तक कनेक्शन स्वतः चालू न होने पर 1912 पर कॉल करें। इसके अलावा आप व्हाट्सऐप के 1912 चैटबॉट से भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
- विद्युत आपूर्ति अनवरत चालू रहे इसलिए तत्काल अपने प्री-पेड कनेक्शन पर बैलेंस बनाये रखें एवं परेशानी से बचें।
- पुराने बकाए का भुगतान आप एकमुश्त भी कर सकते हैं। एकमुश्त भुगतान न करने पर आप द्वारा कराए गए रिचार्ज से एक निश्चित प्रतिशत धनराशि आपके पोस्टपेड बकाया में समायोजित की जाएगी।



# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

## स्मार्ट प्री-पेड उपभोक्ताओं हेतु सूचनार्थ बिन्दु

1. प्रिय उपभोक्ता आपका विद्युत संयोजन पोस्ट-पेड से प्री-पेड में परिवर्तित कर दिया गया है।

2. प्री-पेड परिवर्तन के उपरांत पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि का क्रेडिट आपको मिलेगा। जिसे आपके बिल की बकाया धनराशि में समायोजित किया जायेगा। अन्यथा सिक्योरिटी धनराशि प्री-पेड बैलेंस के रूप में क्रेडिट कर दी जायेगी।

3. पिछले पोस्ट-पेड बिल की तिथि से प्री-पेड परिवर्तन के बीच की अवधि के बिल का भुगतान आपको करना होगा।

**उदाहरणार्थ:**
**यदि आपके संयोजन पर पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि रु. 700 है। आपका पिछला पोस्ट पेड बिल 1 जुलाई 2025 को बना है, जिसका भुगतान आपने कर दिया है। अगस्त माह में, 1 अगस्त 2025 से आपका कनेक्शन प्री-पेड में परिवर्तित कर दिया जाता है। 01.07.2025 से 31.07.2025 तक का पोस्ट पेड बिल रु. 2000 है तो सिक्योरिटी धनराशि समायोजित करने के पश्चात 1300 रुपये (रु. 2000 – रु. 700= रु. 1300) आपका पोस्ट-पेड बकाया होगा।**

4. पोस्ट-पेड अवधि का बकाया भुगतान एकमुश्त अथवा किश्तों में भी विभागीय काउन्टर, 'यू0पी0पी0 सी0एल0 स्मार्ट' मोबाइल ऐप अथवा ऑनलाइन पर भी किया जा सकता है।

5. प्री-पेड में परिवर्तन के उपरांत विद्युत उपयोग हेतु आप द्वारा रिचार्ज किया जाना है। 30 दिन तक आपको ग्रेस पीरियड दिया जायेगा तथा अपेक्षित है कि आप द्वारा उपयोग हेतु रिचार्ज किया जाये।

6. आपके परिसर पर स्मार्ट मीटर स्थापित होने के उपरांत, मीटर रीडिंग हेतु मीटर रीडर अब नही आयेंगे। आप अपना बिल मोबाइल ऐप एवं www.uppcl.org पर देख सकते हैं।

7. प्री-पेड रिचार्ज विभागीय काउन्टर, मोबाइल ऐप, www.uppcl.org, Paytm, G-Pay, जनसुविधा केन्द्रों, विद्युत सखी आदि माध्यमों से किया जा सकता है।

8. चूंकि पूर्व की पोस्ट-पेड अवधि का बकाया भुगतान एवं रिचार्ज दोनों करना है, अतः यह भ्रम हो सकता है कि बिल अधिक आया है, जबकि ऐसा नहीं है। बिल पूर्णतः आपके ऊर्जा उपभोग पर आधारित है। उपभोग की गई ऊर्जा का विवरण ऐप पर प्रदर्शित होगा।

9. स्मार्ट मीटर प्री-पेड होने के बाद उपभोक्ताओं को निर्धारित विद्युत टैरिफ पर 2 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जाता है, अर्थात प्री-पेड मीटर की बिजली सस्ती है।

10. यदि पोस्ट-पेड बकाये का एकमुश्त भुगतान नहीं किया जाता है तो बकाये पर 2 प्रतिशत प्रति माह अर्थात 24 प्रतिशत प्रति वर्ष के दर से ब्याज (Late payment surcharge) लगेगा। ब्याज से बचने के लिये बकाये का एकमुश्त भुगतान करें।

11. बकाये का एकमुश्त भुगतान न करने पर प्रत्येक रिचार्ज से बकाये का समायोजन निम्न व्यवस्था के अनुसार किया जाता हैः-

i. **एलएमवी-1 (घरेलू श्रेणी) के समस्त उपभोक्ताओं हेतुः-**

| पोस्ट–पेड अवधि का बकाया | प्रत्येक रिचार्ज से बकाये के विरूद्व समायोजित की जाने वाली धनराशि (%) |
|---|---|
| रू0 10,000 तक | 10% |
| रू0 10,000 से अधिक एवं रू0 15,000 तक | 15% |
| रू0 15,000 से अधिक एवं रू0 20,000 तक | 20% |
| रू0 20,000 से अधिक | 25% |

ii. **घरेलू के अलावा अन्य समस्त श्रेणी के समस्त उपभोक्ताओं हेतु प्रत्येक रिचार्ज से बकाये के विरुद्ध 25% धनराशि समायोजित की जायेगी।**

12. आपको बचे प्री-पेड बैलेंस एवं पोस्ट-पेड बकाया की जानकारी एसएमएस के माध्यम से आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्रत्येक माह की शुरुआत में तथा रिचार्ज का 30%, 10% एवं शून्य बैलेन्स होने पर, विच्छेदन से पूर्व कुल 03 बार सूचित किया जायेगा।

13. इसके अलावा प्रत्येक रिचार्ज, बिल भुगतान, विच्छेदन पर भी SMS के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

14. उपलब्ध धनराशि का विवरण मीटर के डिस्प्ले, मोबाइल ऐप एवं www.uppcl.org पर भी देखा जा सकता है।

15. सायं 6 बजे से सुबह 8 बजे के बीच, ग्रेस पीरियड के दौरान, इमरजेंसी क्रेडिट अवधि, सार्वजनिक अवकाश एवं रविवार को प्री-पेड कनेक्शन नहीं काटा जायेगा, जिससे उपभोक्ता को परेशानी न हो।

- प्री-पेड परिवर्तन के बाद उपभोक्ता को 30 दिन का ग्रेस पीरियड दिया जाता है।
- बैलेंस समाप्त होने के उपरांत भी 3 दिन का अतिरिक्त समय (इमरजेंसी क्रेडिट) दिया जाता है।

16. आप अपने स्मार्ट फोन में 'यू0पी0पी0सी0एल0 स्मार्ट ऐप' अवश्य डाउनलोड कर लें। मोबाइल ऐप के माध्यम से निम्न सुविधायें मिलती हैंः-

- मासिक, दैनिक एवं हर-घण्टे की खपत।
- पोस्ट-पेड बकाया एवं प्री-पेड बैलेंस।
- बकाया भुगतान एवं प्री-पेड रिचार्ज।
- मासिक बिल एवं मासिक प्री-पेड का विवरण।
- दैनिक रूप से कटी धनराशि का विवरण।
- शिकायत दर्ज कराने की सुविधा ।




**UPPCL SMART APP**
**(यहाँ क्लिक करें)**

17. घर बैठे स्मार्ट प्री-पेड मीटर रिचार्ज करने की प्रक्रिया

- www.uppcl.org पर जाएं।
- इसके बाद उपभोक्ता कॉर्नर के अंतर्गत स्मार्ट मीटर प्रीपेड रिचार्ज पर क्लिक करें।
- क्लिक करने के उपरांत प्री-पेड रिचार्ज पेज खुल जाएगा।
- उसके पश्चात अपने जिले का चयन करें, फिर अकाउन्ट आईडी और कैप्चा भरें।
- तदोपरांत view पर क्लिक करें।
- इसके बाद अगला पेज खुलेगा जिस पर आपका अकाउन्ट आईडी, डिस्कॉम का नाम, आपका नाम, पता, मोबाईल नंबर एवं प्री-पेड मीटर बैंलेस प्रदर्शित होगा।
- इसी पेज पर आपका पोस्ट-पेड एरियर (यदि है तो) भी प्रदर्शित होगा, जिसका आप आंशिक या पूर्ण भुगतान कर सकते हैं।
- प्री-पेड रिचार्ज जारी रखने के लिए 'Enter Amount to Recharge' में धनराशि भरें।
- धनराशि भरते ही पोस्ट-पेड एरियर (यदि है तो) को समायोजित करते हुए 'Net Recharge Available' में निर्धारित प्रतिशत के हिसाब से एक धनराशि स्वतः ही भर जाएगी।
- उसके बाद 'Proceed To Prepaid Recharge' पर क्लिक करें।
- रिचार्ज करने के लिए 'Select Payment Gateway' के अंतर्गत उपलब्ध विकल्पों में से एक का चयन करें।
- 'Pay Now' पर क्लिक करें।
- 'Pay Now' पर क्लिक करते ही क्रेडिट/डेबिट कार्ड, नेट बैंकिग, UPI, BHIM, वॉलेट्स एवं UPI QR में से इच्छित भुगतान विकल्प का चयन करें।
- भुगतान करते ही आपके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर भुगतान का एसएमएस आ जाएगा और आपके अकाउन्ट आईडी पर भी नया प्री-पेड बैंलेस प्रदर्शित होने लगेगा।
- इसके अतिरिक्त प्री-पेड रिचार्ज विभागीय काउन्टर, मोबाइल ऐप, Paytm, G-Pay, जनसुविधा केन्द्रों, विद्युत सखी आदि माध्यमों से किया जा सकता है।
- वीडियो के माध्यम से रिचार्ज प्रक्रिया समझने के लिए नीचे दिए गए यू-ट्यूब लिंक पर क्लिक करें।

(यहाँ क्लिक करें)